**Regarding need to institute an inquiry into the incident of leakage of customer data from the website of a Private Health Insurance Company- laid**

**डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश (धुले) :** मैं स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस के डेटा लीक के मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं । सितंबर 2024 में, भारत की सबसे बड़ी बीमा फर्मों में से एक, स्टार हेल्थ का डेटा टेलीग्राम पर लीक हुआ था । इसमें 3 करोड़ से अधिक ग्राहकों के नाम, पते, कर जानकारी, आईडी कॉपी, परीक्षण परिणाम और निदान जैसी गोपनीय जानकारी शामिल थी । जैसे-जैसे डिजिटल सिस्टम पर हमारी निर्भरता बढ़ती जा रही है, डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा अब मामूली चिंता नहीं रह गई । अगर सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के बारे में वाकई गंभीर है, तो हमें इस डेटा उल्लंघन के लिए बीमा कंपनी को जवाबदेह ठहराना होगा और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करनी होगी । हमें स्पष्ट संदेश देने की जरूरत है कि डेटा सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हमें यह अभी करने की जरूरत है । इसलिए, मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि वह सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 70 बी के अनुसार डेटा उल्लंघन और अंदरूनी संलिप्तता, यानी कंपनी के सीआईएसओ की कथित भागीदारी के लिए जांच गठित करे; और भविष्य में इस तरह के डेटा लीक को रोकने के लिए डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के तहत नियमों को अद्यतन और अधिनियमित करें ।